पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून रविवार 28 जून 2020

शहर में सेनिटाइज करते नगर निगम के कर्मचारी।

संक्षिप्त समाचार

जरूरतमंदों की सेवा करने पर उर्वशी रौतेला ने दी बधाई, जारी रखें यह कार्य

संवाददाता देहरादून। उत्तराखंड करोना वायरस कोविड 19 महामारी में हरीश रावत विचार मंच उत्तराखंड के अध्यक्ष एवं बेटी है तो परिवार है जागरूकता अभियान के संरक्षक गुल मौहम्मद और उन की पूरी टीम को बेहतर कार्य करने के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री व उत्तराखंड की बेटी उर्वशी रौतेला ने बधाई दी है। यहां जारी एक बयान में गुल मौहम्मद ने बताया कि इस करोना वायरस कोविड 19 महामारी में लोगों को कोरोना वायरस कोविड 19 के खिलाफ जागरूक एवं जरूरतमंद लोगों का सहयोग करने पर वालीवुड अभिनेत्री एवं उत्तराखंड की बेटी उर्वशी रौतेला ने 'बेटी है तो परिवार है' की सराहना की।

सहयोग नहीं देन वाले विश्वविद्यालयों की सूची हाईकोर्ट को देंगे

संवाददाता देहरादून। शिक्षकों के डिग्री प्रमाणपत्रों के फर्जीवाड़े मामले में जांच में सहयोग नहीं करने वाले विश्वविद्यालयों की सूची हाईकोर्ट को भेजी जाएगी। शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने ऐसे विश्वविद्यालयों की सूची तैयार करने के निर्देश महकमे को दिए हैं। एसआइटी जांच में फर्जी प्रमाणपत्र के दोषी पाए गए शिक्षकों के प्रमाणपत्रों का संबंधित विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं से सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

सालभर के भीतर ही टूट गई सड़क

संवाददाता देहरादून। घंटाघर से मात्र 5.5 की.मी दूरी पर पीडब्ल्यूडी के द्वारा आठ फुट चौडी सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है यह है स्मार्ट सिटी का पहला चरण कोलागढ़ बाजावाला मसनदावाला फूलसनी मोटरमार्ग यह सड़क 1965 से अभी तक कची व ऊबड़ खाबड़ है तकरीबन चार साल पहले इस सड़क पर सिवर लाइन ढाली गई उसके 2 साल बाद पीडब्लूडी ने तारकोल वाली पक्की सडक बनवाई थी लेकिन वह एक साल के अन्दर टूट गयी है।

स्कॉलर रोहिताश की रिसर्च कोरोना से बचाव में आ सकती है काम

संवाददाता ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के पीएचडी रिसर्च स्कॉलर रोहिताश यादव का कोरोना को लेकर रिसर्च पेपर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोधपत्रिका जनरल ऑफ बायोमोलिक्यूलर स्ट्रक्चर और डायनामिक्स में प्रकाशित हुआ है। इसमें उन्होंने कोरोना वायरस के तीन संभावित ड्रग मॉलिक्यूल्स की पहचान की है। उनका यह शोधकार्य आगे चलकर इस महामारी से बचाव में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

उत्तराखण्ड राज्य की परफोरमेंस सर्वश्रेष्ठ राज्यों में हैः सीएम

■ग्लोबल एलायन्स फॉर मास एन्टरप्रिन्योरशिप की नेशनल टास्क फोर्स की रिपोर्ट का विमोचन

विमोचन

संवाददाता

देहरादून। केन्द्रीय एमएसमई मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी.एस. येदयुरप्पा, मेघालय के मुख्यमंत्री के. संगमा, पंजाब के शिक्षा मंत्री विजय इन्द्र सिंगला ने ग्लोबल एलायन्स फॉर मास एन्टरप्रिन्योरशिप की नेशनल टास्क फोर्स की रिपोर्ट का वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विमोचन किया।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था विशेषकर उत्तराखण्ड जैसे राज्यों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और आर्थिक विकास के लिए के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। कोविड–19 से पूरा विश्व प्रभावित हुआ है। व्यापार करने और काम करने के तरीकों में बदलाव आया है। लॉकडाउन में प्रभावित उद्योगों को पुनः

संचालित करने के लिए आत्मनिर्भर पैकेज में एमएसएमई सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया है। एमएसएमई ही ऐसा क्षेत्र है जहां रोजगार के अवसर बड़े पैमाने पर सृजित किए जा सकते हैं और अर्थव्यवस्था में तेजी लाई जा सकती है।

आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत एमएसएमई के लिए लागू इमरजेंसी क्रेडिट लाईन गारंटी स्कीम का लाभ पात्र इकाईयों को पहुंचाने के लिए राज्य सरकार एसएलबीसी, बैंकों और औद्योगिक संगठनों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। इस योजना में उत्तराखण्ड राज्य में 34671 पात्र खातों में 1835 करोड़ रूपए की स्वीकृति और 1067 करोड़ का वितरण यिका जा चुका है। इस योजना के क्रियान्वयन में उत्तराखण्ड राज्य की परफोरमेंस सर्वश्रेष्ठ राज्यों में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए लगातार सुधार कर रहे हैं। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लिए सतत क्रियाशील हैं। सिंगल विंडो सिस्टम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। कोविड–19 की परिस्थितियों में युवाओं और बाहर से घर लौटे प्रवासियों के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना प्रारम्भ की है। इस योजना में विनिर्माण और सेवा के साथ ही व्यवसाय और एलाईड एग्रो गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। जिला स्तर पर भी जिला स्वरोजगार प्रोत्साहन एवं अनुश्रवण समिति गठित की गई हैं।

ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में उद्यमियों को उद्यम स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं में सहयोग, तकनीकी ज्ञान आधारित उद्यमों की स्थापना और स्थानीय स्तर पर स्केलेबल बिजनेस मॉडल चिह्नित करने, मूल्य संवर्द्धन, पैकेजिंग और विपणन में सहयोग के लिए 2 रूरल बिजनेस इन्क्यूबेटर स्थापित किए जा रहे हैं।

हमें एमएसमई के क्षेत्र में तेजी से कार्य करने होंगेः गडकरी

केन्द्रीय एमएसमई मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कोविड 19 के दृष्टिगत अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए हमें एमएसमई के क्षेत्र में तेजी से कार्य करने होंगे। एमसएमई ऐसा क्षेत्र है, जिसमें रोजगार सृजन के साथ ही अर्थव्यवस्था में तेजी से प्रगति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है कि हम किन क्षेत्रों में अपनी स्ट्रेन्थ को और मजबूत कर सकते हैं। राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार उनमें कुछ विशिष्टताएं हैं। एग्रो एमएमई, हेण्डलूम, हेन्डीक्राफ्ट के क्षेत्र में अनेक राज्यों में कार्यों की प्रबल संभावनाएं हैं।

औद्योगिक स्थापना के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर देना होगा ध्यान

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरीने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में एमएसमई क्षेत्र में अनेक कार्य किये जा सकते हैं, हमें उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही राज्यों में औद्योगिक स्थापना के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण की ओर ध्यान देने की जरूरत है। कोविड 19 के दृष्टिगत पीपीई किट, सेनिटाईजर एवं अन्य उपयोगी उत्पादों को एमएसमई के माध्यम से बढ़ावा दिया जा सकता है। लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम क्षेत्र के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों तक इन गतिविधियों को बढ़ाना जरूरी है।

पिछले चौबीस घंटों में पांच की कोरोना रिपोर्ट पॉजटिव

कोरोना अपडेट

■एम्स की जूनियर रेजिडेंट भी शामिल

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चौबीस घंटों में ऋषिकेश एम्स में कोरोना के पांच मामले सामने आए हैं, जिनमें एक संस्थान की जूनियर रेजिडेंट भी शामिल हैं। प्रदेश में संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 2725 हो गया है। इनमें से 1822 यानि 66.86 फीसदी मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं। फिलवक्त मामले एक्टिव हैं। कोरोना संक्रमित 18 मरीज राज्य से बाहर जा चुके हैं, जबकि 37 लोगों की मौत भी हो चुकी है।

एम्स ऋषिकेश में पिछले 24 घंटे में पांच लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इनमें एम्स संस्थान की एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर भी शामिल हैं। संस्थान की ओर से इस बाबत स्टेट सर्विलांस ऑफिसर को अवगत करा दिया गया है। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल ने बताया कि संस्थान में लिए गए सैंपल में पांच लोग संक्रमित पाए गए। इनमें एम्स

क्वारंटाइन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हो कार्रवाई

सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कोरोना वायरस संक्रमण के साथ ही डेंगू के रोकथाम और बचाव के लिए सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए बैठख की। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि डेंगू से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण के लिए सर्विलांस सिस्टम को और अधिक मजबूत किया जाए। जो लोग होम क्वारंटाइन और होम आईसोलेशन में हैं उनकी लगातार निगरानी की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

यूजी हॉस्टल निवासी 27 वर्षीय युवती जो पीडियाट्रिक्स विभाग में जूनियर रेजिडेंट चिकित्सक है, गले से संबंधित समस्या से परेशान होकर 22 जून को एम्स ओपीडी में आई थी। उसका कोरोना सैंपल जांच के लिए भेजा गया था। इसके बाद उन्हें एम्स के कोविड वॉर्ड में भर्ती कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को 1752 सैंपल की रिपोर्ट मिली, जिनमें 1718 की रिपोर्ट नेगेटिव और 34 केस पॉजिटिव थे।

जिलाधिकारी को लिखा पत्र, समस्याओं के समाधान की मांग

संवाददाता देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान समय में जहां प्रदेश व दून वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड 19 से जूझ रहा है वहीं समस्याओं के समाधान की भी नितांत आवश्यकता है जिसके लिए तीव्र गति से कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस को देखते हुए नगर निगम को निर्देशित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय पर फॉगिंग नहीं की जा रही है, फॉगिंग के साथ नालियो व नालों मे कीटनाशक दवाईयों का छिडकाव करवाया जाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से डोर–टू–डोर कूढ़ा उठाने का कार्य सभी वार्डो में नहीं चल रहा है उसे शीघ्र शुरू किया जाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।